तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 24 जून 2026



12 पेट्रोलिंग को और अधिक मजबूत करने के निर्देश



12 खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक के प्रभाव से किसान की मौत

**जींद।** बरहा कलां खेत में स्प्रे करने के दौरान किसान के कीटनाशक के प्रभाव में आने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। गांव बराह खुर्द निवासी बिजेंद्र (45) गत दिवस शाम को अपने खेत में पनीरी में कीटनाशक का स्प्रे कर रहा था। जिसके चलते वह उसके प्रभाव में आ गया और तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने हालात बिगड़ते देख बिजेंद्र को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 5.70 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को 5.70 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। उचाना थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रपाल ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गांव खटकड़ में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि गांव का ही जितेंद्र नशीले पदार्थों की बिक्री का कार्य करता है तथा इस समय गांव खटकड़ से कहसून मार्ग स्थित रजवाहा पुल के पास नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** गांव अहिरका के निकट बाइक तथा स्कूटी के बीच हुई भिडंत में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मेहरी जिला हरदोई (यूपी) निवासी मोनू नरवाना से स्कूटी पर सवार होकर जींद की तरफ आ रहा था। जब वह गांव अहिरका के निकट पहुंचा तो शहर की तरफ से जा रहे बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें मोनू सड़क पर गिर गया। उसी दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली भी मोनू को रौंदती हुई निकल गई।

### गाड़ी का किराया न चुकाने पर युवक को बंधक बना पीटा

**जींद।** रेट पर ली गई गाड़ी का किराया न चुकाने पर कुछ युवकों ने एक युवक का अपहरण कर लिया और बंधक बना की मारपीट की। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर पांच को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लोहचब निवासी नवदीप ने शिकायत में बताया कि वह सफीदों रोड पर देवीलाल मार्केट में गाड़ी ठीक करवाने गया था। जब गाड़ी लेकर बाहर निकल रहा था तो गाड़ी सवार आधा दर्जन युवकों ने रोक लिया था।

### दरवाजा न खोलने पर बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़े

**जींद।** गांव फरैण कलां में रात को गाली गलौज करने तथ बाहर खड़ी गाडी के शीशे तोड़ने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने युवक के खिलाफ तोड़फोड़ करने, गाली गलौज करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव फरैण कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती देर रात वह अपने मकान में सोया था। देर रात को गांव का ही अनुज उसके मकान के सामने आया और गाली गलौज करने लगा था।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर व अन्य सामान चुराया

**कैथल।** ढांड के कौल, संगरोली व पबनावा के खेतों से चोरों ने कृषि बिजली कनेक्शनों से ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर का तेल और 4-कोर केबल चोरी कर ली। ढांड थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ हरिराम बताया कि जेई एवं एरिया इंचार्ज संजय की रिपोर्ट अनुसार कौल में उपभोक्ता साधु राम के कृषि कनेक्शन से 16 मई को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। वहीं, संगरोली में 11 को 25 केवीए ट्रांसफार्मर का तेल चोरी कर लिया गया।

### ग्रामीणों का आरोप: कई बार शिकायतें देने के बावजूद समाधान नहीं किया

# पेयजल किल्लत को लेकर प्रशासन के खिलाफ गतौलीवासियों की नारेबाजी

### विभाग से स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग उठाई

**अधिकारियों ने जल्द से जल्द समाधान का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के जलघर पहुंचे और सरकार तथा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पिछले काफी समय से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है, वहीं जो पानी उपलब्ध कराया जा रहा है वह भी पीने योग्य नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने समस्या को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीओ सतीश नैन, नायब तहसीलदार सिराज खान तथा एसडीएम होशियार सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याएं सुनी व समाधान का भरोसा दिलाया।



**जुलाना।** ग्रामीणों को आस्वासन देते एसडीएम होशियार सिंह।

#### जल्द स्थिति में सुधार किया जाएगा

एसडीएम होशियार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे और जल्द ही स्थिति में सुधार किया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**जींद।** कार्रवाई करती टीम। *फोटो :हरिभूमि*

### अवैध चल रहे 17 कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी

**जींद।** कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल ने गांव भाना ब्राह्मणप में जाकर कहा कि जिन्होंने विभाग के नियम अनुसार कनैक्शन नहीं किए हुए मिले उनके कनैक्शन काटे जाएंगे। कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल की देख देख में बीआरसी सुरेन्द्र कुमार के नैतृत्व में गांव भाना में जल संरक्षण अभियान पूरे सात दिन चलाया जाएगा। कनिष्ठ अभियंता ने गांव में पहुंच कर अवैध चल रहे कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी किए और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आखिरी घर तक पानी पहुंच सके। कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि जिन्होंने अवैध तरीके से कनैक्शन किए हुए हैं, उनको सात दिनों का नोटिस दिया जाए और साथ के साथ खुले में चला रहे नलों पर टेप लगवाने के लिए प्रेरित करें। बीआरसी सुरेंद्र कुमार ने टीम के साथ मिलकर 123 घरों का सर्वे किया गया और उपभोक्ताओं को पानी बचाने व खुली चल रही टूटी पर गेट वाल लगाने के लिए जागरूक किया गयाए लोगों को बताया गया कि भारत सरकार की मुहिम जल जीवन मिशन जिसके तहत हर घर को नल से जल तभी सफल होगी, जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेवारी समझेगा और जरुरत का पानी लेने के पश्चात अपनी टूटीं बंद कर देगा। जल संरक्षण अभियान के तहत 17 घरों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें 17 घर ऐसे थे, जिनके कनैक्शन पर गेट वॉल नहीं लगी हुई थी और एक कनैक्शन ऐसा था जिस पर ना ही गेट वॉल थी और साथ में वो कनैक्शन गंदी नाली से होकर गुजर रहा था, उसको भी विभाग ने नोटिस जारी किया।



**उचाना।** पानी की किल्लत की जानकारी देते पालवां की महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

## पानी की शिकायत दूर नहीं हुई तो दर्ज करवाएंगे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पालवां गांव में पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम रमित यादव से महिलाओं ने मिलकर शिकायत की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि नई पेयजल पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद से मोहल्ले के 20 से 25 घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि नई पाइपलाइन का लेवल सही नहीं होने के कारण पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा, जबकि पुरानी पाइपलाइन से पर्याप्त पानी मिल रहा था। महिलाओं ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम रमित यादव ने अधिकारियों को तुरंत समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीओ को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यदि लोगों तक पानी नहीं पहुंचा तो नियमानुसार एफआईआर तक दर्ज करवाई जा सकती है। महिला कोमल ने बताया कि नई पाइपलाइन बिछाते समय ठेकेदार को लेवल सही रखने के लिए कहा गया था, लेकिन पाइप ऊंचाई पर डाल दी गई। इसके कारण उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। उन्होंने कहा कि मोहल्ले के कई घरों में सबमर्सिबल भी नहीं हैं, जिसके चलते उन्हें पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट से 100 रुपये देकर पानी भरवाना पड़ रहा है।

#### जांच करवाई जाएगी

एसडीएम रमित यादव ने कहा कि पालवां गांव की महिलाएं समाधान शिविर में पानी की समस्या लेकर पहुंची थीं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य नियमानुसार हुआ है या नहीं, इसकी जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यह भी कहा कि अवैध पानी कनेक्शनों की शिकायत सामने आई है, जिन्हें बंद कराकर प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी

## संयुक्त रूप से 10वीं में टॉप दीपांशी को इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

रिचेकिंग के बाद 7 अंक बढ़ने से 10वीं कक्षा में संयुक्त रूप से हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दिपांशी को उचाना ग्रीन सिटी की तरफ से इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर एसडीएम रमित यादव की तरफ से सम्मानित किया।

उपमंडल कार्यालय सभागर में दिपांशी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उचाना सेवा ग्रुप की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन मा. रामप्रसाद ने किया। दिपांशी को बेटी गौरव पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि युवा को कभी निराश नहीं होना चाहिए। अपनी मंजिल निर्धारित करके उसके लिए मेहनती करनी चाहिए।10वीं 85 % अंक प्राप्त करने के बाद 12वीं में अंक कम आए थे। यूपीएससी की तैयारी की लेकिन सफलता पहली बार में नहीं मिली। पिता ने कहा कोई नौकरी दूसरी देखो लेकिन मन निराश न होकर तैयारी की और सफलता मिली। इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ युवा आगे बढ़े।



## बिजली कर्मियों ने नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग 14 वे दिन एक्सन ऑपरेशन कैथल मनीष कुमार के ख़िलाफ़ जारी रही आज की गेट मीटिंग की। बैठक की अध्यक्षता राकेश जेई ने की और मंच का संचालन अजय कौशिक सचिव ने किया। यूनियन लगातार एक्सन ऑपरेशन के खिलाप गेट मीटिंग शुरू कर रही है जिसका मुख्य एजेंडा एक्सन कैथल द्वारा गलत काम किए जा रहे हैं। यूनियन के लगातार विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद जो गलत कार्य ये अधिकारी लगातार कर रहा है उस से बाज नहीं आ रहा और जिन कर्मचारियों के ऑर्डर दूसरी जगह है वो अभी भी इस अधिकारी की सह परस्ती में दूसरी सीटों पर बैठे है वो अपनी मन मुताबिक काम कर रहे है। यूनियन की ये लगातार मांग रही है कि जब इन कर्मचारियों के ऑर्डर ही नहीं है तो ये अगर कोई गलत काम करते है तो फिर भी इन पर कोई कारवाही नहीं होगी क्योंकि इनके ऑर्डर सीटों पर है ही नहीं। हरियाणा सरकार कर्मचारियों के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बातों को तो गलत साबित कर ही रहे है कही ना कही निगम के आदेशों को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। एस के एस ब्लॉक कलायत से साथी भूप सिंह ने कहा कि एक्सन कैथल लगातार निगम हित में काम न करके अपने निजी हित में काम कर रहे हैं। इस अधिकारी को कर्मचारी या उपभोक्ता के सेवाएँ देने से कोई मतलब नहीं है।




**कैथल।** गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

मीटिंग में रिटायर साथी विमल कुमार,यूनिट प्रधान अमरदीप बनवाला,सुरेंद्र पहलवान,संदीप जे ई, उमेद डूमरखां, सुरेश लाइनमैन, चांदी लाईन मैन,उमेश शर्मा, यशपाल, बलवंत यूडीसी,रवि ए एस एस ए,सतीश दिलोंवाली,नरेश शर्मा टी एल प्रधान,यूनिट काशीयर राम कुमार जे ई,राजेश बी डी,शेर सिंह फोरमैन संजय कुमार आदि कर्मचारी साथियों ने भाग लिया



**कैथल।** एसपी मनप्रीत सिंह के पेट्रोल पंप एवं ज्वेलर्स एसो .से बातचीत करते।

### उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

**कैथल।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पेट्रोल पंपों एवं आभूषण कारोबारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन की अध्यक्षता में जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा बैठक आयोजित की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने वर्तमान सुरक्षा परिस्थितियों और अपराध की बदलती प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप एवं ज्वेलरी प्रतिष्ठान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां नकदी एवं कीमती सामान की अधिकता के कारण अपराधियों की नजर रहती है। इसलिए सभी संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। एसपी ने निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों एवं ज्वेलरी दुकानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी रिकॉर्डिंग स्पष्ट एवं लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सके।

## बालक हरिद्वार से सकुशल बरामद

- पुलिस ने 9 दिन की कड़ी मेहनत बाद बिछुडे को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस द्वारा बिछुड़ो को खोजकर परिवार से मिलवाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एंटी नारकोटिक सैल, सीआईए-1 तथा मिसिंग सेल की संयुक्त टीम ने 11 वर्षीय गुमशुदा बालक को 9 दिन की अथक मेहनत के बाद हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया। बालक के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली तथा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया करनाल रोड कैथल निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसका 11 वर्षीय बेटा 12 जून को घर से सुभाष नगर स्थित दुकान से राशन लेने के लिए था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। तलाश के बावजूद सुराग नहीं लगा। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन कैथल में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई।



परिजनों के साथ बालक।

#### हरिद्वार से बरामद

टीम ने बालक की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाते विभिन्न स्थानों पर तकनीकी और मानवीय संसाधनों का सहारा लिया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, विभिन्न रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों तथा संभावित ठिकानों पर जांच की। इसके अलावा बालक के संभावित आवागमन मार्गों का भी गहन विश्लेषण किया गया। लगातार 9 दिनों तक दिन-रात की गई मेहनत के परिणामस्वरूप पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए, जिनके आधार पर हरिद्वार में खोजबीन की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हरिद्वार पहुंचकर गुमशुदा बालक को हरिद्वार हर की पौड़ी से सकुशल बरामद कर लिया।

## गांव खेड़ी लांबा में मिला दांतों से विष की फुहार छोड़ने वाला स्पिटिंग कोबरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

उपमंडल के गांव खेड़ी लांबा के एक घर से स्नैक मैन आजाद सिंह ने जहरीले कोबरा को पकड़ा। गांव के ही एक घर में परिजनों ने सांप को देखा जो घातक ढंग से फुंकार रहा था। उन्होंने गांव के एक युवा स्नेक मैन आजाद सिंह से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। घर में काफी तलाशी लेने के बाद पानी की मोटर के पीछे से सांप को पकड़ा। आजाद सिंह ने बताया की इस प्रजाति के सांप के काटने पर लगभग डेढ़ घंटे के अंदर डंक का शिकार बनने वाले की मौत हो जाती है। उन्होंने बताया की यह प्रजाति भारत वर्ष के सबसे जहरीले सांपों में से एक है। जहरीले सांपों की एक वह प्रजाति है जो खतरे का अहसास होने पर नुकीले दांतों से जहर की तेज धार बाहर थूकती है। यह जहर सटीक तरीके से दुश्मन की आंखों पर निशाना लगाकर फेंका जाता है, जिससे पीड़ित को अस्थायी या स्थायी अंधापन हो सकता है।



### देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के हाई स्पीड ट्रायल को लेकर तैयारियां पूरी, 26 को होगा ट्रायल

# ट्रेन का 120 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जंक्शन पर पहुंची देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के हाई स्पीड ट्रायल को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रायल प्रक्रिया की निगरानी के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) की टीम बुधवार को लखनऊ से पहुंच जाएगी। इसके बाद ट्रेन का 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण किया जाएगा। हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल सोनीपत रूट पर निर्धारित किया है। हालांकि इसका ट्रायल 24 जून को लिया जाना था लेकिन अब 26 जून को लिया जाएगा। पहले ट्रेन के कम गति वाले परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। अब हाई स्पीड ट्रायल के जरिए ट्रेन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी। इसमें ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, सुरक्षा मानकों, कंपन, ट्रैक पर स्थिरता और परिस्थितियों में ट्रेन के प्रदर्शन का आंकलन किया जाएगा। आरडीएसओ की विशेषज्ञ टीम ट्रायल के दौरान प्राप्त होने वाले सभी तकनीकी आंकड़ों का विश्लेषण करेगी। गौरतलब है कि रेलवे टीम द्वारा लगातार हाइड्रोजन ट्रेन की टेस्टिंग की जा रही है। टीम पावर कार, उससे जुड़े सुरक्षा, नियंत्रण उपकरण, स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा जा रहा है ताकि जब ट्रेन ट्रैक पर उतरे तो ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके। इस समय जींद-सोनीपत रूट पर तीन ट्रेन चल रही हैं। हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रैक पर उतरने पर यात्रियों को फायदा होगा। एक घंटा में लोग सोनीपत पहुंच सकेंगे। ट्रेन 360 किलोग्राम हाइड्रोजन में 180 किलोमीटर का सफर करेगी। ट्रेन में आवाज नहीं होगी, इसलिए इनमें यात्री आरामदायक सफर कर सकेंगे। जींद से सोनीपत की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। यह ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी।



#### धुएं की जगह सिर्फ भाप और पानी निकलेगा

हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन आठ-दस डिब्बों की होगी। यह हाइब्रिड ट्रेनें होंगी। जिनमें अक्षय ऊर्जा भंडारण जैसे बैटरी या सुपर कैपेसिटर लगे होंगे। ईंजन में डीजल की जगह फ्यूल सेल, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन डाली जाएगी। ऑक्सीजन की मदद से हाइड्रोजन नियंत्रित ढंग से जलेगी और इस ताप से बिजली पैदा होगी। बिजली लिथियम आयन बैटरी को चार्ज करेगी। जिससे ट्रेन चलेगी। इस दौरान धुएं की जगह सिर्फ भाप और पानी निकलेगा।

## व्हाट्सअप पर आए लिंक को ओपन करना अध्यापक को पड़ गया मंहगा

### खाते से एक लाख 580 रुपये गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

व्हाट्सअप पर आए लिंक को ओपन करना एक अध्यापक को मंहगा पड़ गया। जिसके बाद अध्यापक के खाते से एक लाख 580 रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने अध्यापक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्य उपनगर नरवाना निवासी सोनू मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह संस्था के स्कूल में अध्यापक के पद का कार्यरत है। उसका क्रेरडिट कार्ड बैंक खाते व मोबाइल से जुड़ा हुआ है। गत 30 मई को उसके फोन पर कॉल आई। जिसने कहा कि वह पीएनबी बैंक से बोल रहा है। उसने क्रेडिट कार्ड बनाने के बारे में कहा और व्हाट्सअप पर लिंक भेज दिया। जिस पर उसने लिंक को ओपन तो किया लेकिन उसे साथ डिलीट कर दिया। उसने लिंक को शेयर भी नही किया और न ही कोई ओटीपी भी नही आया। जिसके बाद उसके दोनों क्रेडिट कार्डों से राशि कटनी शुरू हो गई। जिसके मैसेज भी फोन पर आने शुरू हो गए।

## खबर संक्षेप

### गोदाम का ताला तोड़कर बिजली का सामान चोरी

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती में बीती रात चोरो ने बिजली गोदाम का ताला तोड़ कर स्विच, एल्यूमीनियम तार समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांगोली निवासी कपिल ने शिकायत मे बताया कि उसने गांव खेड़ा खेमावती पट्रोल पंप के सामने बिजली सामान का गोदाम बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़ कर पांच जिओ स्विच, साढ़े तीन क्विंटल एल्यूमीनियम की तार, 15 चैनल, पांच पीवीसी केबल मंडल समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### यूपीआई आईडी हैक कर साढ़े 11 हजार का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति की यूपीआई आईडी हैक कर खाते से लेनदेन कर 11 हजार 600 रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हरियाणा कौशल रोजगार में कुक की नौकरी करता है। गत 25 मई को वह सामान लेने के लिए मार्केट गया हुआ था। जब उसने पेमेंट करने चाही तो पेमेंट फेल का मैसेज आया।

### विधायक की जनसेवा की हो रही चर्चा : कसूहन

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके के मतदाताओं से विकसित उचाना का जो वायदा किया था, उसे धरातल पर साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विधायक अत्री की सादगी, सहज उपलब्धता और जरूरतमंद लोगों की निरंतर मदद करने की भावना के चर्चे आज पूरे क्षेत्र में हैं। योगेश कसूहन ने कहा कि आमजन का कहना है कि पहले जनप्रतिनिधियों से मिलना आसान नहीं होता था, लेकिन वर्तमान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

### डॉ. राजेंद्र होंगे हवन और सत्संग के मुख्य यजमान

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में आयोजित होने वाले मासिक हवन एवं सत्संग कार्यक्रम में इस बार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमारी एवं डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य यजमान के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान दोनों यजमान हवन की पूर्णाहुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आगामी 28 जून को सुबह 7 : 30 मिनट पर ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो को वर्ष 2027 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर होगी।

### अग्निकांड की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय

**नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भीषण अग्निकांड की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि समय रहते सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाता और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी होती, तो अनेक निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती थी। कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्ष 1995 के डबवाली अग्निकांड ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था।

---

### जुलाना तहसील में अधिकारी न मिलने पर लोग चक्कर काटने को मजबूर

# भाकियू-किसान छात्र एकता संगठन ने तहसील कार्यालय पर दिया धरना

## भ्रष्टाचार के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। एसडीएम को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। बढ़ती महंगाई के विरोध में धरना देते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

जुलाना में भारतीय किसान यूनियन और किसान छात्र एकता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को धरना दिया। धरने की अध्यक्षता किसान नेता नरेंद्र ढांडा ने की। आंदोलनकारियों ने जुलाना तहसील में भ्रष्टाचार को खत्म करवाने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह को मांग पत्र और ज्ञापन सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता नरेंद्र ढांडा ने कहा कि जुलाना तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। तहसीलदार सहित कई अधिकारी समय पर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते हैं, जिससे दूरदराज से आने वाले किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों को बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने प्रशासन से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और आम जनता के कार्य समयबद्ध तरीके से करने की मांग की। किसान नेता सुमित लाठर ने कहा कि वर्तमान में भारत की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का लगभग 17.5 प्रतिशत योगदान है तथा देश की 58 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में विदेशी कृषि उत्पादों को खुली छूट मिलने से भारतीय किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलेगा और कृषि क्षेत्र गंभीर संकट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों के हितों की रक्षा करते इस समझौते पर पुनर्विचार करना चाहिए तथा महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर इस एफटीए को रद्द करवाने की मांग की। धरने के दौरान किसान नेता रवि आजाद, नरेंद्र सिंह, काला नंबरदार, सतपाल, नवदीप, अमित लाठर, राजबीर सहित अन्य किसान नेताओं ने भी संबोधित किया।

## बढ़ती महंगाई को लेकर माकपा का प्रदर्शन

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर माकपा जींद लोकल कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, संवैधानिक संस्थाओं पर हमलों, अमेरीका के साथ किए गए समझौतों, बिजली के निजीकरण, लेबर कोड तथा वीबी ग्राम जी जैसी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता इंद्र सिंह ने की जबकि संचालन माकपा जींद लोकल कमेटी के सचिव संदीप जाजवान ने किया। धरने को संबोधित करते हुए माकपा जिला सचिव कपूर सिंह, रमेश चंद्र ने कहा कि देश और प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी आने के बजाय लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

**ये रहे मौजूद**

पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट और कुकर्म की घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का माकपा पुरजोर विरोध करेगी तथा जनता को संगठित करके जींद में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। इस मोके पर वेद प्रकाश, आशा रानी, सुशीला, नूतन प्रकाश, राजकुमार श्योकंद, पवन कुमार, राजकुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

## पेट्रोलिंग को और अधिक मजबूत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने जींद पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं परिणामदायी बनाने के उद्देश्य से सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारियों एवं सभी सीआईए प्रभारीयों की बैठक ली। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते आवश्यक निर्देश जारी किए। अधिकारियों को आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश देते कहा कि पुलिस की छवि जनता के बीच मित्रता एवं भरोसेमंद होनी चाहिए व हर शिकायतकर्ता की बात को गंभीरता से सुना जाए ओर उसका शीघ्र एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण को लेकर गश्त एवं पेट्रोलिंग को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त से चोरी एंव अन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि नशा तस्करों पर विशेष नजर रखी जावे तथा उन पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन कार्यरत पुलिस कर्मचारियों का विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें नियमानुसार साप्ताहिक अवकाश पलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। कहा कि पुलिस कर्मियों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा तो वे अपनी ड्यूटी और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेंगे। यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। यातायात प्रभारियों को वाहनों पर लगी अवैध ब्लैक फिल्म, बुलेट मोटरसाइकिलों में लगाए गए अवैध पटाखा साइलेंसर तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---

### फ्री सहायक उपकरण वितरण कैंप तीन को




**जींद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी जींद द्वारा समाज के दिव्यांग एवं बुजुर्ग नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते तीन जुलाई को रेडक्रॉस भवन में फ्री सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला प्रशासन, जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा अल्मिको के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को सरल बनाना है। यह कैंप जिला प्रशासन, जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा अल्मिको के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को सरल बनाना है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजीलाल ने बताया कि कैंप में सोसायटी प्रधान एवं डीसी जींद डा. वैशाली शर्मा मुख्यातिथि होंगी। इसके अलावा इस विशेष कैंप में दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों की सुविधा के लिए अल्मिको कंपनी मोहाली से विशेषज्ञ डॉक्टरों और तकनीकी कर्मचारियों की टीम पहुंचेगी।


अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम रमित यादव।

### समाधान शिविर में 13 फरियादी पहुंचे

**अलेवा।** अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्या सुनकर समाधान कराने के लिए उचाना के एसडीएम रमित यादव के नेतृत्व में एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीपीओ जयपाल सिंह ने की तथा मुख्य तौर पर मार्केट कमेटी अलेवा के उप चेयरमैन शमशेर सैनी नगूरां ने हिस्सा लिया। समाधान शिविर में पेंशन से संबंधित, फैमिली आइडी, जमीन से सबंधित, अधूरी गली, बिजली निगम व राशन कार्ड कटने समेत 13 शिकायतें आई। इनमें से कुछ समस्याओं का एसडीएम द्वारा सबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर मौके पर समाधान कराया गया, जबकि कुछ समस्याओं का सबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान कराने की हिदायत दी। एसडीएम ने बताया कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को समाधान शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाती है।

### अंतरविषयी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा व यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र रामानुजन कालेज नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो सप्ताहीय अंतरविषयी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का मंगलवार को आनलाइन के माध्यम से शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष ने की तथा इसमें यूजीसी एमएमटीटीसी रामानुजन कालेज नई दिल्ली के निदेशक सह प्राचार्य डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने मुख्य तौर पर हिस्सा लिया। मंच संचालन उषा बूरा ने किया। दो सप्ताहीय अंतरविषयी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आरंभ कुलगीत के साथ किया। पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 23 जून से सात जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से 105 प्रोफेसर, शोधार्थी व शिक्षाविद इस पाठ्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि आगामी दो सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों के लिए 44 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।


अलेवा। राजकीय महाविद्यालय में दो सप्ताहीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम की प्रति दिखाते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सुविधाएं सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ कर दिया है। जिले में राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि लोगों को तय समय में ये सुविधाएं मिलें। सरकार द्वारा रजिस्ट्री होने पर स्वतरू इंतकाल होने की नई पहल की है, जिससे आमजन को काफी लाभ होगा। इसी प्रकार से पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 में कई नए प्रावधान किए हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री योजना में आमजन के सुझाव के बाद ये नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इसमें अब रजिस्ट्री के साथ इंतकाल को भी शामिल किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दोनों सुविधाओं का शुभारंभ करने के बाद डीसी जिला के राजस्व विभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रही थी।

### हनुमान जी की महिमा का गुणगान

**नरवाना।** पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में 15 फरवरी से अनवरत चल रहे हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ मंगलवार को स्वामी मुक्तानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अंचल मित्तल व अन्य पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि चार माह से चल रहे भव्य आयोजन में प्रतिदिन हनुमान चालीसा के 625 पाठ होते है तथा मंगलवार को हनुमान चालीसा के पाठ सहित सुंदरकांड का पाठ होता है। स्वामी मुक्तानंद महाराज ने बताया कि सुन्दर कांड हनुमान जी की महिमा का गुणगान है। उनका स्मरण समस्त बाधाओं को हरने वाला है। हनुमान जी आठ सिद्धियों और नौ निधियों के दाता है। वे बल,बुद्धि और ज्ञान के सागर हैं। कलयुग में भवसागर उनके नाम से ही पार होगा। स्वामी मुक्तानंद ने शेष पाठों में सम्मिलित होने का भी निश्चय किया।

---


उचाना। करसिंधु में निकाली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### करसिंधु में 501 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा

**उचाना।** करसिंधु स्थित मंदिर में 24 जून को होने वाली शिव परिवार की भव्य मूर्ति स्थापना की पूर्व संध्या पर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 501 कलश लेकर महिलाओं ने पूरे गांव की परिक्रमा की। कलश यात्रा के दौरान भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट करसिंधु के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है ट्रस्ट प्रधान सतबीर करसिंधु ने बताया कि शिव परिवार की मूर्ति स्थापना से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 24 जून को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ शिव परिवार की मूर्ति स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में श्रीश्री 108 तपोनिष्ठ अग्निहोत्री सम्पूर्णानंद ब्रह्मचारी, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, डीसी जींद डॉ. वैशाली शर्मा, एडीसी प्रदीप कौशिक, नगर निगम कैथल के आयुक्त कपिल सहित अनेक गणमान्य अतिथि पहुंचेंगे।

## मोती लाल नेहरु स्कूल में स्वयंसेवकों को दिलवाई नशे से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



मोती लाल नेहरू स्कूल जींद में सात दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विशेष कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की टीम ने सहभागिता करते स्वयंसेवकों को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। टीम में शामिल उप निरीक्षक नरेश कुमार एवं उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने साइबर अपराधों, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, इसलिए ऑनलाइन लेनदेन, सोशल मीडिया तथा बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला एनएसएस समन्वयक हंसबीर रेडू ने पुलिस विभाग की टीम का शिविर में बहुमूल्य योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



जींद। मतदाता जागरूकता अभियान में मौजूद प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के निर्देशन में 36 जींद विस क्षेत्र के डेडिकेटेड एईआरओ सत्यवान मलिक द्वारा एसएसएसबीबी राजकीय कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। एईआरओ सत्यवान मलिक ने बताया कि महाविद्यालय के शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं संशोधन के लिए प्रपत्र भरने की विधि, आवश्यक दस्तावेज, बूथ लेवल अधिकारी की भूमिका हेल्प डेस्क की सुविधाओं तथा दावा एवं आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । साथ ही हरियाणा में एसआईआर 2026 के तय कार्यक्रम प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति अवधि व अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की समय सीमा से भी अवगत कराया गया।

---

### ओलंपिक दिवस पर विवि स्पोर्ट्स काउंसिल ने किया आयोजन

# खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विवि में अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर विवि स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया । इसमें विवि के खिलाड़ियों, छात्रों एवं खेल प्रेमियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। विवि कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने अपने संदेश में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस केवल खिलाड़ियों का ही नही बल्कि प्रत्येक खेल प्रेमी का पर्व है। खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत अनुशासन और समर्पण के बल पर विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाया है तथा तिरंगे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान करते कहा कि खेल हमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। खेलों से न सिर्फ शारीरिक क्षमता बढ़ती है बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल ने कहा कि ओलंपिक आंदोलन विश्व में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

**देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया**

खेल जीवन में संघर्ष करने, लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने की सीख देते हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ते राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवि और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा खेलों के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया।


उचाना। गर्भवती महिला को चने, गुड़ देते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### गर्भवतियों का स्वास्थ्य जांचा

**उचाना।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व संबंधी आवश्यक जानकारी दी जाती है। नागरिक अस्पताल में आयोजित शिविर में जांच को लेकर गर्भवती महिलाएं पहुंची। एमपीएचडब्ल्यू सुधा रानी ने बताया कि अभियान के तहत गर्भवती महिला के पंजीकरण से लेकर प्रसव तक सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। शिविर में महिलाओं के विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए जाते हैं तथा गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार के जोखिम या जटिलता के लक्षणों की पहचान के लिए उन्हें चार बार जांच के लिए बुलाया जाता है। यदि किसी महिला की स्वास्थ्य समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं होता तो उसे आगे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल जींद रेफर किया जाता है।

**खबर संक्षेप**

### कैथल पुलिस में नहीं चलेगा भ्रष्टाचार

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में कैथल पुलिस द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आमजन को पारदर्शी एवं जवाबदेह पुलिसिंग उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में कैथल पुलिस ने आम नागरिकों के लिए व्हाट्सएप नंबर 9053052140 जारी किया है, जिस पर पुलिस कर्मचारियों द्वारा रिश्वत मांगने अथवा किसी प्रकार की अवैध धनराशि की मांग किए जाने संबंधी शिकायतें भेजी जा सकती हैं। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि यदि किसी से कैथल पुलिस में तैनात ट्रैफिक विंग, डायल-112 सेवा, किसी थाना, चौकी, नाका अथवा अन्य किसी शाखा में कार्यरत पुलिस कर्मचारी द्वारा किसी कार्य को करने या न करने की एवज में पैसे की मांग की जाती है, तो नंबर पर भेज सकता है।

### अलग-अलग मामलों में 3 नशा तस्कर काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल तथा सीआईए-1 पुलिस द्वारा अलग अलग 3 मामलों में 3 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 2 किलो 596 ग्राम अफीम, 21 किलो 615 ग्राम गांजा फूल पत्ती तथा 57 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले मामले में सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में पीएसआई सुनील कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव खुराना क्षेत्र में हाजिर थी।

### मारपीट कर किसान को किया घायल

**कैथल।** पूंडरी के गांव म्यौली में खेत से पानी देकर लौट रहे एक किसान पर 5 युवकों ने डंडों से हमला कर दिया। हमले में किसान और उसके साथ मौजूद उसका दोस्त घायल हो गए। पूंडरी थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव म्यौली निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 21 जून की रात वह अपने दोस्त राजेश के साथ खेत में पानी देने गया था। रात करीब डेढ़ बजे दोनों खेत से वापस घर लौट रहे थे। जब वे गांव में रजनीश के घर और बाड़े के पास पहुंचे तो वहां रजनीश चार साथियों सतनाम, मोहित, अंकुश और सोनू के साथ खड़ा मिला। आरोप है कि पांचों युवकों के हाथों में लकड़ी के डंडे थे।

### कवारतन में पहुंची सांसद जिंदल की मेडिकल वैन

**गुहला-चीका।** सांसद नवीन जिंदल के जनसेवा संकल्प के तहत नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन मंगलवार को गांव कवारतन पहुंची, जहां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने 46 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के बाद सभी मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं, जबकि 8 लोगों के लैब टेस्ट भी किए गए। सांसद कार्यालय के प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जताया रोष


**पूंडरी।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की बैठक किसान भवन पूंडरी में जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन युवा जिला अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट और हल्का अध्यक्ष रणधीर बरसाना ने किया। बैठक के उपरांत भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में सैकड़ों किसानों ने युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व में किसान भवन से अहलूवालिया चौक तक रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते मोदी और ट्रंप का पुतला फूंका तथा प्रस्तावित ट्रेड डील को तत्काल रद्द करने की मांग उठाई।

---

पिछले 12 वर्षों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किए ऐतिहासिक कार्य

# विकास की नई इबारत लिख रहा कैथल गांवों तक पहुंची आधुनिक सुविधाएं

**58 गांवों में 1.90 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ई-लाइब्रेरी की स्थापित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिला कैथल के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। बीते 12 वर्षों में गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ वातावरण विकसित करने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।

ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 58 गांवों में 1.90 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इनमें आवश्यक फर्नीचर एवं पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष लाभ मिल रहा है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिले के 58 तालाबों का 33.34 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया गया है। तालाबों के आसपास वॉकिंग ट्रैक, स्ट्रीट लाइट तथा बैठने के लिए बेंच स्थापित की गई हैं, जिससे ये स्थान ग्रामीणों के लिए आकर्षण और स्वास्थ्य संवर्धन के केंद्र बन गए हैं। इसी प्रकार जगमग योजना के तहत प्रथम चरण में 35 गांवों की फिरनी पर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं, जबकि दूसरे चरण में अन्य 35 गांवों में कार्य तेजी से जारी है। इससे गांवों में सुरक्षा और आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है। वहीं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी जिला लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। 47 गांवों में 1.93 करोड़ रुपये की लागत से महिला सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं लखपति दीदी योजना के अंतर्गत चयनित 24,793 महिलाओं में से 15,001 महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर लखपति दीदी बन चुकी हैं। पिछले 12 वर्षों में जिले में 3,133 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, जिनसे 34,954 सदस्य, जिनमें 19,701 अनुसूचित जाति वर्ग के सदस्य भी शामिल हैं। इन समूहों को स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों के लिए 134.21 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है।

**32 गांव में इनडोर जिम स्थापित**

ग्रामीण युवाओं को फिट एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से जिले के 32 गांवों में 2.28 करोड़ रुपये की लागत से इनडोर जिम स्थापित किए गए हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में युवा उठा रहे हैं। इसी प्रकार स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम माधो माजरी में 1.06 करोड़ रुपये की लागत से गोवर्धन प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है, जिससे 63 परिवारों को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

**डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था शुरू**

वहीं खंड ढांड की ग्राम पंचायत ढांड में 16 लाख रुपये की लागत से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है तथा खंड की 22 ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त जिले की सभी 199 ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए शेड बनाए जा चुके हैं।

**जनकल्याणकारी योजनाएं लागू**



सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, शिक्षित एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। इसी दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। इनके माध्यम से शिक्षा, सुरक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इन प्रयासों का प्रत्यक्ष लाभ आमजन तक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। जनसहभागिता तथा प्रभावी प्रशासनिक प्रयासों के बल पर जिले के ग्रामीण विकास को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाता रहेगा।

- अपराजिता, उपायुक्त, कैथल

---

## मां मनसा देवी से श्रद्धालुओं ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



गांव फतेहपुर स्थित मां मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते पुजारी एवं श्रद्धालु।

- माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी के पावन अवसर पर गांव फतेहपुर स्थित प्राचीन मां मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भक्तों ने विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। नवमी तिथि का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व माना जाता है, जिसके चलते दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था। पूरे दिन भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ माता के चरणों में शीश नवाया।

**उपासना शुभकारी**

पुजारी संजीव शर्मा ने कहा कि शुक्ल पक्ष की नवमी माता शक्ति की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई पूजा-अर्चना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि मां मनसा देवी अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। पुजारी सुमित शर्मा ने कहा कि धर्म और अध्यात्म व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूती मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म के मार्ग पर चलने और सामाजिक एकता बनाए रखने का आह्वान किया। मंदिर कमेटी प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर कमेटी द्वारा पेयजल, प्रसाद वितरण और दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया ताकि किसी श्रद्धालु को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मंदिर में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

---

## जाट शिक्षण संस्थान की मैनेजमेंट कमेटी ने एसपी से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसपी को सम्मानित करते संस्थान की मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी।

जाट शिक्षण संस्थान की मैनेजमेंट कमेटी ने उप प्रधान बलजिंदर बनवाला की अध्यक्षता में कैथल के पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए एसपी कैथल का आभार व्यक्त किया। उप प्रधान बलजिंदर बनवाला ने कहा कि पुलिस प्रशासन के सतर्क एवं जनहितकारी प्रयासों से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पुलिस विभाग इसी प्रकार जनसेवा और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देता रहेगा। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने जाट शिक्षण संस्थान की मैनेजमेंट कमेटी का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि संस्था तथा समाजहित के कार्यों में पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने नागरिकों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।

### एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति में डॉ. विजय चावला शामिल

**कैथल।** शिक्षा एवं हिंदी भाषा के क्षेत्र में नवाचार, शैक्षिक नेतृत्व और पाठ्यचर्या विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले आरोही स्कूल ग्योंग के हिंदी प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. विजय कुमार चावला को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली द्वारा गठित आर दो (द्वितीय भाषा) एवं आर तीन (तृतीय भाषा) हिंदी पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उपलब्धि न केवल डॉ. चावला की शैक्षिक विशेषज्ञता और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि हरियाणा सहित पूरे देश के शिक्षा जगत के लिए गर्व का विषय है। एनसीईआरटी द्वारा गठित समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप द्वितीय एवं तृतीय भाषा की हिंदी पाठ्यपुस्तकों के निर्माण, विकास एवं परिष्करण का कार्य करेगी।

## भारत सरकार स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करें : डॉ.महावीर जागलान

- देशों के प्रति एकजुटता के लिए सेमिनार का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** सेमिनार में भाग लेते प्रबुद्ध वर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

जन संगठन मंच कैथल के तत्वावधान में शिवचरण व सत्यवान की अध्यक्षता में हुडा 19 सैक्टर के सामुदायिक केन्द्र में भारत सरकार की अमेरिकी साम्राज्य वाद परस्त नीतियों के विरोध में तथा क्यूबा, वेनजुएला व ईरान आदि देशों के प्रति एकजुटता के लिए एक सेमीनार का आयोजन किया गया । सेमीनार को मुख्य वक्ता के रूप में कुरूक्षेत्र से आए डॉ महावीर जागलान ने सम्बोधित किया व बताया कि आज भारत सरकार अमेरिकी साम्राज्य वाद के दबाव में आकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का त्याग कर रही है , अभी हाल में अमेरिका व इजरायल ने बिना किसी कारण के जो ईरान पर युद्ध किया है , जिससे भारत समेत दुनिया के अनेकों देशों में ऊर्जा व तेल का संकट पैदा हुआ है, आपूर्ति प्रभावित हुई है, महंगाई लगातार बढ़ रही है । इससे पहले इजरायल द्वारा फिलीस्तीन पर जो युद्ध किया , जिसमें हजारों निर्दोष बच्चे व महिलाएं मारी गई है।

---



**पूंडरी।** बातचीत करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश रोड।

### देश में बढ़ती अग्निकांड की घटनाएं गंभीर चिंता का विषयः सुरेश रोड

**पूंडरी।** कांग्रेस प्रवक्ता सुरेश रोड ने देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भीषण अग्निकांड की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि समय रहते सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाता और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी होती, तो अनेक निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती थी। नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित न होने के कारण समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में दर्दनाक हादसे सामने आते रहे हैं। सुरेश ने कहा कि दक्षिण भारत में धार्मिक समारोहों के दौरान हुए अग्निकांड, मेरठ के विक्टोरिया पार्क में लगी आग, दिल्ली के होटल अग्निकांड, देशभर की पटाखा फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाएं तथा हाल ही में लखनऊ के एक कोचिंग संस्थान में आग लगने से हुई युवाओं की मौतें इस बात का प्रमाण हैं कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी भी गंभीर कमियां बनी हुई हैं। सुरेश ने कहा कि पिछले कई वर्षों में प्रशासनिक जवाबदेही कमजोर हुई है।

## भगवान पर पूर्ण विश्वास रखने वाले भक्तों की रक्षा करते हैं श्रीहरि : रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहलाचीका।** कथा व्यास परम पूज्य रक्षा सरस्वती के सान्निध्य में डॉ. रामकुमार शर्मा भार्गव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करते श्रद्धालु।

श्री भवानी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास परम पूज्य रक्षा सरस्वती जी ने श्रद्धालुओं को गोकर्ण और धुंधकारी की कथा का श्रवण कराते हुए बताया कि मनुष्य को आदर्श पुत्र बनने के लिए धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर सर्वज्ञ हैं, जबकि मनुष्य की बुद्धि सीमित होती है। मन की दो प्रमुख अवस्थाएं भय और लोभ हैं, जिनके कारण मनुष्य सदैव माया के बंधन में बंधा रहता है। रक्षा सरस्वती जी ने कहा कि यदि मन को भगवान गोविंद के चरणों में लगा दिया जाए तो यही मुक्ति का सबसे सरल साधन है। उत्तरा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रसंग का वर्णन करते बताया कि जब उत्तरा ने अपने गर्भ की ओर बढ़ते ब्रह्मास्त्र को देखा तो उसने भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा। भगवान ने उसकी पुकार सुनकर गर्भस्थ शिशु की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य अपने सुख-दुख भगवान को समर्पित कर देता है, तब भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते हैं।

### बेहतरीन कार्य करने वाले ईआरवी कर्मियों को पुलिस कप्तान ने किया सम्मानित

**कैथल।** मंगलवार को पुलिस लाइन कैथल में पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों की मीटिंग लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मीटिंग दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश, एसपी प्रवाचक तरसेम, ओएएसआई प्रवेश सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने डायल 112 (ईआरवी) पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने इलाकों में ज्यादा से ज्यादा गश्त व पेट्रोलिंग करें, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। जिससे समाज के लिए भयमुक्त माहौल पैदा हो। उनको दिशा निर्देश दिए कि सभी डायल 112 टीमें अपने थानों-चौकियें के साथ आपस में तालमेल बनाए रखें ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। किसी इवेंट की सूचना पर जल्दी से जल्दी घटनास्थल पर पहुंचे और एरिया में अधिक से अधिक गश्त करें।



**कैथल।** अव्वल कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित करते एसपी।

---

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल, वैज्ञानिक तरीके से मिलेगा प्रशिक्षण

# राजकीय कॉलेज में मशरूम उत्पादन इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारम्भ

*व्यावहारिक अनुभव का लाभ उठाने तथा स्वरोजगार के रूप में अपनाने का आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** इंटर्नशिप कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी एवं प्रशिक्षक।

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ग्योंग द्वारा मशरूम उत्पादन इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम निदेशक जगदीश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अपने संदेश में निदेशक जगदीश कुमार ने कहा कि मशरूम उत्पादन एक लाभकारी कृषि आधारित उद्यम है, जिसे सीमित संसाधनों के साथ भी सफलतापूर्वक अपनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय सृजन के नए अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव का पूर्ण लाभ उठाने तथा इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, उत्पादन प्रबंधन, विपणन तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक श्री बलजींदर द्वारा किया जा रहा है। प्रारम्भिक सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन के महत्व और इसकी रोजगारपरक संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय में इस कार्यक्रम के समन्वयक राम मेहर सिंह ने बताया कि यह इंटर्नशिप विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं उद्यमशील बनने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

**आभार व्यक्त किया**

कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के प्रति गहरी रुचि दिखाई। महाविद्यालय प्रशासन ने इस रोजगारोन्मुखी पहल के लिए पीएनबी आरसेटी, ग्योग एवं इसके निदेशक का आभार व्यक्त किया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम आगामी दिनों में विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

### संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

**राजौंद।** कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने राजौंद पहुंचकर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस प्रधान अजय राणा को उनके कार्यालय में बधाई दी। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे। अजय राणा का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक सहारण को अजय राणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। विधायक ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा अजय राणा को सौंपी गई यह जिम्मेदारी उनके अनुभव, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है। विकास ने विश्वास जताते कहा कि अजय राणा के नेतृत्व में राजौंद ब्लॉक में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा। कहा कि वर्तमान समय में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**उचाना।** आर्य समाज मंदिर उचाना में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। उचाना मंडल महामंत्री रमेशा राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

### निर्जला एकादशी पर व्रत दान का विशेष महत्व

**उचाना।** 25 जून को आने वाली निर्जला एकादशी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। उचाना के अग्रसेन मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहा जाता है। इसे सभी एकादशियों में सबसे श्रेष्ठ और फलदायी माना गया है। इस दिन श्रद्धालु बिना अन्न और जल ग्रहण किए भगवान विष्णु का व्रत रखते हैं। मान्यता है कि जो व्यक्ति वर्ष भर की सभी एकादशियों का व्रत नहीं कर पाता, उसे केवल निर्जला एकादशी का व्रत रखने से सभी एकादशियों के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग हुए घायल

**कैथल।** गांव सौथा में हरनौला-सोथा रोड पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।ुलिस को दी शिकायत में सीवन के गुमगढ़ मोहल्ला निवासी रघबीर ने बताया कि वह अपने छोटे भाई जीता और गांव के सुरेश कुमार के साथ 17 जून को मजदूरी करने के लिए भूना गए थे। शाम को काम से लौटते समय शाम करीब 8 बजे हरनौला से आगे गांव सोथा के पास सोथा की तरफ से आ रही बाइक ने सीधी टक्कर मार दी।

### नौकर ने भैंस व सामान चुराया, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव कांगथली में खेत के नौकर ने भैंस और कीमती सामान चोरी कर लिया। मामले में सीवन थाना पुलिस ने खेत के मालिक की शिकायत पर नौकरी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में करनाल जिले के गांव घरौंडा निवासी अमरदीप बताया कि उसकी गांव कांगथली में सौथा रोड पर करीब 30 एकड़ जमीन है। करीब 14-15 माह पहले उसने गांव ककहेड़ी निवासी करनैल सिंह उर्फ काला को खेतों में नौकर के तौर पर देखरेख के लिए रखा था।

### संत कबीर दास की जयंती 29 जून को

**जींद।** संत कबीर दास की 629 वीं जयंती निर्माणाधीन छात्रावास में 29 जून को मनाई जाएगी। इसमें सोनीपत के लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और राज्यसभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध बतौर मुख्य अतिथि भाग लेगें। सूबे सिंह ने बताया कि अशरफगढ़ रोड पर शहर की कृष्णा कालोनी से संटा निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास के निर्माण का सपना करीब तीन दशकों के अनथक प्रयास का परिणाम है। 1980 के दशक में अच्छी सोच रखने वाले समाज के लोगों ने धानक समाज की भी कोई धर्मशाला होए इसके लिए मुहिम शुरू की।

## स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी डॉक्टरों को जारी किए निर्देश

# अब बगैर चिकित्सक की पर्ची के मरीजों को नहीं मिलेंगी सीरप वाली दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

कफ सीरप समेत सीरप वाली दवाएं अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। अब ऐसी दवाएं खरीदने के लिए ग्राहकों को डॉक्टर की पर्ची की जरूरत होगी। यह बदलाव केंद्र सरकार द्वारा ड्रग्स रूल्स 1945 में ड्रग्स (पांचवां संशोधन) रूल्स 2026 के जरिये संशोधन करने के बाद आया है। ऐसे में हरियाणा सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार किसी भी कफ सिरप को बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचने पर रोक लगाई है। खासकर बच्चों को दिए जाने वाले सिरप पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। आदेशों पर कार्रवाई करते हुए नागरिक अस्पताल के अधिकारियों ने ओपीडी चिकित्सा अधिकारियों (एमओ) को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और कहा गया है कि वो कफ सिरप जिनके अंदर डाई एथिलीन ग्लाईकॉल नामक जहरीले रसायन कि मिलावट पाई जाती है, बिल्कुल न लिखें।

- कई राज्यों में कफ सिरप से मौत के मामले आ चुके हैं सामने
- बच्चों को दी जाने वाली सीरप पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा के लिए लगी मरीजों की लाइन।

### खुद से दवा लेने की आदत छोड़ दें

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में ऐसे जहरीले सिरपों से कई मौतें हुई हैं। हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते यह कदम उठा कर बच्चों और आम जनता को संभावित खतरे से बचाने की कोशिश की है। सर्दी व खांसी की शिकायत होने पर सबसे पहले डॉक्टर से परामर्श लें। वहीं दुकानदार या खुद से दवा लेने की आदत छोड़ दें। कई बार लोग छोटी-मोटी समस्या में बिना सोचे-समझे सिरप खरीद लेते हैं, जो बाद में गंभीर बीमारी का कारण बन जाती है।

### डाई एथिलीन ग्लाईकॉल गुर्दों को पहुंचाता है नुकसान

नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन खांसी के कई मरीज उपचार के लिए आते हैं। जिन्हें कफ सिरप की जरूरत होती है। इन मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध कफ सिरप ही प्रेसक्राइब किया जाता है। उन्होंने बताया कि डाई एथिलीन ग्लाईकॉल एक विषैला पदार्थ है, जो गुर्दों को नुकसान पहुंचा सकता है। यहां तक की जानलेवा भी साबित हो सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में इसका प्रभाव घातक हो सकता है। ऐसे में कोई भी बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी खांसी का सिरप या दवा न खरीदें और न ही इस्तेमाल करें। अस्पताल के इस अलर्ट के बाद जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी सतर्कता बरती जा रही है।

### डाय एथिलीन ग्लाईकॉल रसायन वाली सिरप पर बैन : डा. पूनिया

नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि हरियाणा सरकार के द्वारा कफ सिरप वो बैन किए गए हैं, जिनके अंदर डाय एथिलीन ग्लाईकॉल नामक जहरीले रसायन की मिलावट पाई जाती है। उनको हरियाणा के अंदर बैन किया गया है। जैसे कुछ सिरप पलानो सीएजी सिरप, रिलीफ सिरप या फिर जो मेडन फार्मा द्वारा बनाए गए सिरप हैं वो, सभी बैन किए गए हैं। आम नागरिकों को भी हम हिदायत देते हैं कोई भी बिना डॉक्टर की पर्ची पर लिखें बिना कोई सिरप न लें। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी नोटिफिकेशन जारी किया है।

## मोदी-सैनी सरकार की नीतियां बनी विकास की आधारशिला

- जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

अमित शाह युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष भगवानदास बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास, पारदर्शिता तथा जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। केंद्र और हरियाणा सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन का सरकार पर विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। भगवानदास बंसल ने कहा कि पिछले वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, डिजिटल सेवाओं, किसानों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। हरियाणा सरकार भी गांव, गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर योजनाओं को धरातल पर लागू कर रही है। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और बिना पर्ची-बिना खर्ची के रोजगार देने की नीति ने युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है और आज दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति तथा नेतृत्व क्षमता को स्वीकार कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।



पूंडरी। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवानदास बंसल। *फोटो: हरिभूमि*

### रिकॉर्ड कार्य हुए

सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जनहित के मुद्दों पर कोई ठोस एजेंडा नहीं है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल केवल भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं, जबकि भाजपा सरकार विकास और सुशासन के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है। जनता अब विकास की राजनीति को समझ चुकी है और प्रदेश तथा देश को मजबूत नेतृत्व देने वाली भाजपा के साथ खड़ी है। भगवानदास बंसल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करें। अमित शाह युवा संगठन भी समाज सेवा, राष्ट्रहित और युवा जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मोटिवेशन कैंप में बताए गए सफलता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में मंगलवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्जवल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक मोटीवेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, अनुशासन तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना रहाए ताकि वे अपने जीवन और करियर में सफलता प्राप्त कर सकें।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

कैंप के दौरान मुख्य वक्ता पीएनबी के लीड बैंक के प्रबंधक अनुपम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सपुलता केवल प्रतिभा के बल पर नहीं मिलती बल्कि इसके लिए निरंतर प्रयासए धैर्य, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल को लगातार निखारने तथा तकनीकी शिक्षा का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## एसआईआर जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत के एम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में विद्यार्थियों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, विवरणों में संशोधन करने, नाम स्थानांतरण, बीएलओ का सहयोग करने, समय पर गणना फॉर्म भरने, दावे एवं आपत्तियों को समय पर दर्ज करवाने तथा पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर कविता, अरविंद, अमित, सतीश एवं नॉन टीचिंग में फूल कुमार, जितेंद्र व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



नरवाना। मतदाता सूची में अपना विवरण जांच कार्यक्रम में भाग लेते विधार्थी।

### युवा लोकतंत्र की शक्ति

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मतदाता सूची में अपने विवरणों की जांच करने तथा आवश्यक संशोधन समय पर करवाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई विभिन्न ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी गई।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का लोगों को दिया संदेश

- गांव गढ़वाली में हुआ कार्यक्रम लोगों को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

गांव गढ़वाली में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि बेटियां परिवार एवं समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा और समान अवसर अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान के उद्देश्यों एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, पंच, ग्रामवासी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम कविता, एएनएम संतोष, एमपीएचडब्ल्यू अनिल लाठर, अनूप सहरावत ने सक्रिय सहभागिता निभाई और उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

## इनेलो ओबीसी मोर्चा का प्रदर्शन



राजौंद। सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते इनेलो ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता व दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

- सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नगर की मुख्य सड़क पर लंबे समय से तारकोल की पक्की सड़क बनाने की मांग को लेकर इनेलो ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सोनू वर्मा ने कहा कि नगरवासी लंबे समय से टूटी व जर्जर सड़क के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो संगठन आगामी रणनीति बनाकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।प्रदर्शन से पहले सभी कार्यकर्ता महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए उप तहसील परिसर पहुंचे और वहां भी जोरदार प्रदर्शन किया। तहसीलदार की अनुपस्थिति में प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। इस दौरान नरेश कुमार पुहाल, राम निवास शर्मा, सुखा मंडवाल, दिलबाग ढुल (फरीयाबाद), बाबू राम प्रजापत, प्रवीण सता सेठ, रमन मैहता, अमर सिंह, बबलू शर्मा, राजेश शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चारधाम यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को पंजीकरण करवाना जरूरी है। इसके बिना यात्रा में परेशानी आ सकती है। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा 2026 के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए श्रद्धालुओं से यात्रा से पहले अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने की अपील की है। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि चारधाम यात्रा के तहत यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए उत्तराखंड सरकार की ओर से सुरक्षा एवं सुगम यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जिला से चार धाम की यात्रा पर जाने से पहले यात्रियों को आधार प्रमाणीकरण के साथ पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद यात्रियों को क्यूआर कोड युक्त रजिस्ट्रेशन पत्र और यूनिक आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। धामों में प्रवेश से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

- उत्तराखंड सरकार की एडवाइजरी का पालन करने की अपील



डीसी डॉ. वैशाली शर्मा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### 30 जून को रोहड़ में होगा जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि सफीदों उपमंडल के गांव रोहड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 30 जून को सायं सात बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी डा. वैशाली शर्मा करेंगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ संवाद किया जाएगा।

उपलब्धि | युवा विकास, जनसंपर्क व प्रशिक्षण गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य का मिला इनाम

## मिडकॉन 2026 : जेसीआई जींद इंडस ने किया शानदार प्रदर्शन, सात प्रतिष्ठित सम्मान मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भिवानी में आयोजित जेसीआई के मिडकॉन 2026 में जेसीआई जींद इंडस ने उत्कृष्ट कार्यों के बल पर सात प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। संस्था के प्रधान जेसी अश्वनी कुमार के नेतृत्व में जींद इंडस ने संगठन प्रबंधन, युवा विकास, जनसंपर्क तथा प्रशिक्षण गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य कर उपलब्धि हासिल की। सम्मेलन के दौरान संस्था को आउटस्टैंडिंग एलओ अवार्ड, मैनेजमेंट एरिया, आउटस्टैंडिंग एलओ अवार्ड सहित अन्य अवार्डों से सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक जेएपुएम सुभाष श्योराण ने कहा कि यह उपलब्धि संस्था के सभी सदस्यों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। जेसीआई जींद इंडस सदैव समाज सेवा, नेतृत्व विकास और व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा। ज़ोन प्रेसिडेंट अमित गौर ने जेसीआई जींद इंडस की उपलब्धियों की सराहना करते कहा कि संस्था ने सेवा कार्यों, और संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



जींद। कार्यक्रम में सम्मान हासिल करते संस्था सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### सफलता का श्रेय संस्था के सदस्यों को दिया

संस्था के प्रधान जेसी अश्वनी कुमार ने इस सफलता का श्रेय संस्था के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों, वरिष्ठ मार्गदर्शकों तथा सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता, सकारात्मक सोच और सेवा भावना के कारण ही यह उपलब्धियां संभव हो सकी हैं। मिडकॉन 2026 में प्राप्त इन सम्मानों से जेसीआई जींद इंडस के सदस्यों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। संस्था की इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिकए शैक्षणिक एवं व्यापारिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है।